ॐकार पर एकाग्र होना, जिसके द्वारा व्यक्ति साक्षात्कार
(आत्म-ज्ञान) प्राप्त करेगा।'

या

अहंकार का अर्थ यह अनुभूति है कि मैं विश्व या वास्तविक अहं हूँ और उसे ॐकार साक्षात्कार (आत्म-ज्ञान) के प्रति अग्रसर करता है।

भगवान् जी के एक भक्त पंडित गोपीनाथ दर, जो उनके सम्पर्क में दो दशकों से अधिक समय तक रहे, के द्वारा वर्णित एक घटना उन्हीं के शब्दों में नीचे उद्धृत है—

'मई, १९५७ को प्रातःकाल बनारस में एक आचार्य भगवान् जी के आध्यात्मिक विकास के स्तर को जानने के उद्देश्य से उनके दर्शनार्थ आए। उन्होंने भगवान् जी को मस्तक झुकाकर प्रणाम किया और उनके सामने बैठ गए। मैं भी उपस्थित था। प्रारम्भ में इन संन्यासी आचार्य ने मुझसे पूछा कि 'भगवान् जी का नाम क्या है?' भगवान् जी का नाम जब मैंने उन्हें बताया, तब उन्होंने भगवान् जी के आध्यात्मिक विकास का स्तर मुझसे जानना चाहा। मैं उलझन में पड़ गया और मैं स्पष्टतः अपने को उनकी इस जिज्ञासा का समाधान करने में पर्याप्त सक्षम नहीं पा रहा था। मेरी उलझन को देखकर भगवान् जी मुस्कराए और श्रीमद्-भगवद्गीता के अध्याय १५ के निम्न श्लोक ३ का उच्चारण किया--

न तद्भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः।
यद्-गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम॥

आचार्य ने भाव-मग्न होकर ध्यान से उन्हें सुना, नत-मस्तक हुए और कहा कि 'मुझे उत्तर मिल गया।' इसके बाद उन्होंने बहुत सन्तुष्ट और प्रसन्न होकर विदा ली।'

उक्त श्लोक का अर्थ निम्न प्रकार है—

'सूर्य उसे प्रकाशित नहीं करता, न चन्द्रमा और न अग्नि। वही परम धाम मेरा है, जहाँ पहुँच कर कोई वापस नहीं आता।'

कदाचित् जो परमावस्था स्वतःप्रकाश ब्रह्म-ज्योति से प्रदीप्त स्वधाम कही जाती है, वही यह है, जहाँ पहुँचकर व्यक्ति जन्म-मरण के चक्र में नहीं लौटता।

यही अवस्था उपनिषदों में वर्णित है। यथा—

> न तत्र सूर्यो भाति
> न चन्द्र-तारकम्
> नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः
> तमेव भान्तमनु भाति सर्वं
> तस्य भासा सर्वमिदं विभाति

चित् की इसी परमावस्था को भगवान् जी ने प्राप्त कर लिया था।

परम सन्त कबीर साहिब द्वारा योगेश्वर गोरखनाथ जी के साथ अपने सत्संग में इसी परमावस्था का वर्णन किया गया है। कबीर साहिब इस अवस्था आत्म-लोक को क्षर या अक्षर सभी से परे मानते हैं और कहते हैं कि षट्-चक्रों या प्राणायाम पर अधिकार पाने से योगी सुमेर अर्थात् मस्तिष्क के सर्वोच्च स्थान ब्रह्मरन्ध्र में नहीं पहुँचेंगे, अपितु वे बीच मार्ग में ही रह जायेंगे। वे यह भी कहते हैं कि यदि कोई अक्षरावस्था को प्राप्त करता है, तो वह मोह और वितृष्णा से रहित हो जायगा और माया के बन्धन से सच्ची मुक्ति प्राप्त करेगा। आत्म-लोक में न एक है, न दो; न सत है, न असत् और इसी में लय होने का प्रयास करना चाहिए। इस लोक में सूर्य, चन्द्र, पृथ्वी या आकाश कुछ नहीं है, न पीड़ा है, न दुःख; न कर्म है, न सुख है और न दुख, जो कर्म के फल हैं। अधीनता का वहाँ प्रश्न नहीं उठता। अमीर, गरीब संन्यासी-सभी वहाँ पहुँच सकते हैं। उन्होंने गोरखनाथ जी को अपने अहं का दमन करने और लघु बनने का अतार्किक, सिद्धि-रहित तथा सिद्धि-जन्य गर्व से दूर रहने की सलाह भी दी अन्यथा माया का जाल उन्हें वास्तविकता से दूर फेंक देगा। जब तक देखने के लिए प्रकाश है, तब तक माया है। उन्होंने उन्हें ध्वन्यात्मक प्रणव शब्द (ॐ) को आदर्श रूप में अपनाने और उसकी सहायता से आत्म-लोक पहुँचने की भी सलाह दी। षट्-चक्रों से जो शब्द उन्होंने सुने थे, वे वास्तविक नहीं थे और प्रणव-शब्द, जब यह कारण और सूक्ष्म स्थानों से नीचे आया क्योंकि मध्यमा और पश्यन्ती उनके कानों पर पहुँची थीं और उससे भी आगे बढ़ने पर वास्तविक प्रणव को वे सुनेंगे। यही वह स्थिति थी, जिसमें कबीर थे।

भगवान जी कुण्डलिनी (मेरुदंड के अन्त में उसके मूल में सर्प-कुंडली)—जागरण, या मेरुदंड-स्थित षट्-चक्रों में रुचि रखते प्रतीत नहीं होते थे। एक बार जब मैं कदाचित् उन्हीं की साधना के ढंग के अनुसार संवेग निस्सारित कर रहा था, उन्होंने मुझे इतनी तीव्रता के साथ संवेग निकालने के लिए झिड़का कि कहीं मेरे अन्दर के सर्प जाग न जायं। एक दूसरे अवसर पर उन्होंने मुझे बताया कि 'तुम्हारे द्वारा निस्सारित संवेगों में केवल 'ॐ ॐ' की केन्द्रीभूत ध्वनि आकाश में

सुनाई पड़ती है, किन्तु तुम्हारे इष्ट की ध्वनि उसके साथ नहीं है।' यह कथन मेरी साधना में सुधार करने के लिए था, जिससे उस स्थिति में वह मेरे लिए उपयुक्त हो सके।

भगवान् जी के अनुसार साक्षात्कार एक प्रकार का दिव्य प्रकाश था, जो व्यक्ति की अनुभूति में आता है। निम्नलिखित से इसकी पुष्टि होती है—

(१) एक बार, जब बिना भगवान् जी को कुछ भी बताए कि मैं क्या कर रहा हूँ, मैं श्री रामकृष्ण परमहंस के उपदेशों और उनकी अन्य पुस्तकों का भगवती महाकाली के इष्ट के साथ गम्भीरतापूर्वक अध्ययन कर रहा था, उन्होंने मुझसे कश्मीरी में बताया कि "यिछ किताब वरान तोर छा गाश।" इसका अर्थ यह था कि यह व्यक्ति पुस्तक (किसी विषय पर पुस्तकें) पढ़ रहा है कि क्या उनमें प्रकाश है अथवा 'तोर' से आशय पुस्तकों का हो सकता है या उस स्थान के प्रति संकेत हो सकता है, जहाँ से मेरे द्वारा पढ़ी जाने वाली पुस्तकें आई थीं।

एक बार श्री रामकृष्ण परमहंस के एक भक्त उनका फोटो भगवान जी के पास लाए। भगवान् जी ने उसे ध्यान से देखा और कहा कि 'वे एक पुरुष थे' और एक भक्त से उसे अपने कमरे की दीवार पर, जहाँ गुरु नानक और कुछ हिन्दू देवताओं के चित्र थे, टाँगने को कहा।

(२) पंडित दीनानाथ तिकू साकार रूप के ईश्वर की उपासना कर रहे थे। भगवान् जी ने मेरी उपस्थिति में उन्हें बताया कि 'तुम्हारे कंठ तक प्रकाश है, किन्तु तुम्हारा शरीर शून्य है।' बाद में वे भगवान् जी के शिष्य हो गये। साधना प्रारम्भ करने के लिए उन्होंने भगवान जी से पूछा कि भगवत्सा-क्षात्कार के मार्ग पर कैसे अग्रसर हुआ जाय। भगवान् जी ने एक वाक्य में उत्तर दिया कि "जैसे मैं करूँ, वैसे ही तुम करो।" इस शिष्य ने भगवान् जी के बाह्य कर्मों का शब्दशः अनुकरण किया। जब भगवान जी अपनी चिलम पीते, वह हुक्का पीते; जब भगवान् जी थूकते, वह भी वैसा ही करते। जब भगवान् जी खाते या चाय पीते, तभी वह भी खाते। भगवान् जी के संगीतात्मक संवेगों की वह नकल करते। लोगों की दृष्टि में उन्होंने अपने को हास्यास्पद बना लिया, जो उन पर हँसा करते किन्तु लोगों के कटाक्षों की परवा किए बिना वे वैसा करते ही गए। अन्त में भगवान् जी की कृपा से उन्हें एक रात्रि में क्षीरभवानी के स्थल में साक्षात्कार हुआ, जब मैं और स्वामी अमृतानन्द भी उपस्थित थे। अगले प्रातःकाल भगवान् जी ने उदास मुद्रा में मुझे बताया कि 'दीनानाथ को प्रकाश मिला, किन्तु प्रकाश ऐसा है कि वह उसे मार डालेगा।' बाद में जब

भगवान् जी भद्रकाली तीर्थ-स्थान में थे, उन्होंने दीनानाथ को दूर कर दिया और वे रैनावारी (श्रीनगर) में अपने निजी मकान में रहने लगे, जहाँ वे प्रख्यात थे क्योंकि वे भविष्यवाणियाँ करने लगे, जो सच निकलती थीं। कुछ अवसरों पर यद्यपि भगवान् जी ने उन्हें बुलवा भेजा, किन्तु उन्होंने यह कहकर अवज्ञा की कि 'मैं अब स्वयं भगवान् हूँ।' कुछ वर्षों बाद कैंसर से उनकी मृत्यु हो गई। प्रश्न उठता है कि यदि शिष्य ने उनके (भगवान् जी के) आह्वान का पालन किया होता और उनके दर्शनार्थ आए होते, तो क्या वे उस प्रकाश की, जिसने दीनानाथ को मारा, प्रवृत्ति बदलने में समर्थ होते ? यह एक विचारणीय बात है।

(३) भगवान् जी का प्रकाश (ज्योति-स्वरूप) के प्रति गहरा सम्बन्ध था क्योंकि अनेक अवसरों पर वे धूप और अगरबत्ती को अपनी धूनी की तरह सुलगती नहीं, अपितु प्रज्वलित रखते थे। उनकी महा-समाधि के कुछ दिनों बाद उनका एक शिष्य उस कमरे में सो रहा था, जहाँ भगवान् जी का आसन था। रात में उसने इस कमरे की बत्ती बुझा दी। वह निद्रामग्न होने ही वाला था कि उसके एक पैर के तलवे में प्रबल लात जैसी लगी। वह समझ गया कि बत्ती बुझाकर उसने गलती की है। उसने बत्ती जला दी और उसके बाद वह शान्तिपूर्वक सोता रहा।

(४) एक बार मैं भगवान् जी के सामने बैठा उनकी धूनी की अग्नि को छेड़ रहा था। भगवान् जी ने कहा कि 'तुम समझते हो कि ये साधारण अँगारे हैं। त्रिकोटि देवता इस धूनी में आते हैं।' इसका तात्पर्य यह है कि देवताओं के आह्वान के समय प्रकाश विद्यमान रहना चाहिए अन्यथा अंधकार की शक्तियाँ आ सकती हैं और व्यक्ति को हानि पहुँचा सकती हैं या उसे अभि-भूत कर सकती हैं। कदाचित यही कारण था कि गहरी साधना के काल (१९३०-३७) में उन्होंने एक छोटा मिट्टी का दीपक निरन्तर प्रज्वलित रखा था।

(५) एक अवसर पर, जब भगवान् जी क्षीरभवानी (तुलमुला) देव-स्थान पर थे, एक भक्त ने उनसे प्रश्न किया कि 'आप देवी-कुँड पर पुष्प, दुग्ध आदि अर्पित करने क्यों नहीं जाते, जैसा कि मन्दिर में आने वाले अन्य दर्शनार्थी करते हैं, किन्तु ऐसा न कर कुंड से दूर अपनी कुटिया में एकान्तवास करते हैं ?' भगवान् जी ने कहा कि 'वहाँ (कुँड में) चकाचौंध करने वाला प्रकाश है।' यह कथन स्पष्टतः ब्रह्म-ज्योति के आवरण को सन्दर्भित करता था, जो देवी और देवी माता को आवृत रखता है और जिसे हटाये बिना कोई उसके व्यक्तिगत तेज को नहीं देख सकता। यह तथ्य ईशोपनिषद् में उल्लिखित है, जहाँ यह प्रार्थना की गई है कि 'हे भगवन्, अपनी चकाचौंध करने वाली चमक को हटाओ, जिससे भक्त

वास्तविकता को देख सके।' भगवान् जी ने आगे कहा कि 'हमारा उसे देखने का प्रश्न महत्त्वपूर्ण नहीं है, किन्तु महत्त्व की बात यह है कि वह हमारी ओर देखे अर्थात् हम पर अपनी दया की वर्षा करे।'

आकाश की ओर देखते हुए भगवान् जी ने एक बार मुझे बताया कि 'तेज (प्रकाश) के चेतन-भण्डारों के अतिरिक्त वहाँ कुछ नहीं है।'

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, भगवान् जी एक तत्वज्ञानी थे, जो अपनी तीसरी आँख या ज्ञान-नेत्र से प्रकृति को तथा स्थूल और सूक्ष्म तत्वों के रंग को देख सकते थे। उच्चतर स्तर की अनुभूति के लिये उनके द्वारा चुने गए व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुरूप उनसे आन्तरिक रूप से मार्ग-दर्शन पाते थे या तत्वों में से कुछ का ज्ञान प्राप्त करने के लिए सतत अग्नि प्रज्वलित रखने या अन्य उपाय करने का निर्देश पाते थे।

भगवान् जी ने एक बार मुझे बताया कि 'ब्रह्म का एक वृक्ष के रूप में ध्यान करो और उसकी शाखाओं (शिव, नारायण आदि की प्रतिनिधि) में से किसी एक पर, जिसे तुम चाहो, बैठ जाओ। उनमें से किसी की भी भक्ति करने से एक ही लक्ष्य की प्राप्ति होगी।'

वे उपासना में किसी को उसके अपने इष्ट का अनुसरण करने से डिगाते नहीं थे और न ही किसी को कोई इष्ट वे सीधे सुझाते थे। अपितु सांकेतिक रूप से ही बताते थे।

भगवान् जी ने, जब वे क्षीरभवानी में थे, एक व्यक्ति के पास जो अनेक धार्मिक पुस्तकें थीं, उनमें से विष्णु सहस्रनाम की एक प्रति उससे माँगी। उसके पृष्ठों को पलटते हुए उन्होंने उसका निरीक्षण किया, अनेक वार मेरी ओर दृष्टि-पात किया और पुस्तक उस व्यक्ति को वापस कर दी। यह मुझे नारायण की उपासना में लगने हेतु संकेत था क्योंकि मेरा पूर्व इष्ट मुझे सहायक नहीं सिद्ध हुआ था।

भगवान् जी ने एक बार अपने एक भक्त श्री प्राणनाथ कौल से, जो आज-कल भगवान् गोपीनाथ जी ट्रस्ट के सेक्रेटरी हैं, शेषनाग पर लेटे हुए विष्णु के एक फोटो-चित्र (जिसे किसी ने भगवान् जी को दिया था) को शीशे में मढ़वाने के लिए कहा। जब उन्होंने फोटो मढ़वाकर वापस की, तब भगवान् जी ने उनसे कहा कि 'इधर देखो, यह चित्र कितना सुन्दर है।' यह उन्हें विष्णु की उपासना आरम्भ करने का संकेत था।

यद्यपि प्रारम्भिक लोगों को वे साकार उपासना का सुझाव देते थे किन्तु देवताओं के साकार स्वरूपों की उपासना उन्हें रुचिकर प्रतीत नहीं होती थी

क्योंकि वे कहा करते कि 'इगव ताप परुन।' इसका अर्थ है धूप अर्थात् सूर्य के तेज की उपासना करना, न कि वस्तु—सूर्य की पूजा। इस सम्बन्ध में उन्होंने एक अवसर पर कहा कि 'यिगव वीरि शिहिलिस तल पकुन।' इसका अर्थ है बेंत वृक्षों के नीचे घूमना। बेंत वृक्षों की छाया शीतल होती है। छाया के नीचे चलने का अर्थ है व्यग्र रूप की उपासना, न कि पूर्ण समर्पण के साथ—"चाहे जो हो" की भावना से ईश्वर-साक्षात्कार के क्षेत्र में कूदना। यद्यपि निराकार उपासना कठिनाइयों और क्लेशों से रोमांचपूर्ण है, तथापि वे क्रमशः अपने भक्तों को साकार से निराकार उपासना में ले आने को उत्सुक थे। यही औपनिषद् विचार के अनुरूप भी है।

तस्मात् साकारं अनित्यं
नित्यं निराकारमिति।

एक दिन भगवान् जी के एक भक्त ने उनसे यह पूछने का साहस किया कि 'आपके गुरु कौन हैं?' भगवान् जी ने अपने सामने एक ओर रखी हुई भगवद्-गीता की ओर संकेत करते हुए उत्तर दिया कि 'भगवद्गीता के ७०० श्लोकों में से कोई श्लोक किसी का गुरु हो सकता है। वास्तव में ईश्वर ही, जो वास्तविक आत्मा है, व्यक्ति का गुरु है।'

एक दिन भगवान् जी के समक्ष एक संगीत-कार्यक्रम चल रहा था। जबकि गुरु की महिमा का वर्णन करने वाली एक कविता गाई जा रही थी, उसके एक छन्द का उच्चारण किया गया, जिसका भाव यह था कि 'हे भक्त, अपने मन और प्राण को साथ रखते हुए अपने गुरु के चरण-कमलों की पूजा करो।' भगवान् जी ने मेरी ओर संकेत करते हुए कहा कि "यि गछि यशुन" अर्थात् 'अपने गुरु के चरणों में आत्म-समर्पण करने का सौभाग्य तुम्हें मिले।' मैं ईश्वर की पूजा कर रहा था और वे चाहते थे कि मैं गुरु की उपासना करने लगूं क्योंकि कदाचित् मैं अनुग्रह के प्रथम स्तर को पार कर चुका था, जिसमें ईश्वर भक्ति द्वारा साधक के पास आता है और वे चाहते थे कि मैं उस स्तर पर पहुँचूं जहाँ गुरु ईश्वर-रूप में पूजित होता है। इस अनुभूति से वास्तविक आत्म-तत्व अहं-शून्य अवस्था में प्रकाशित होता है, जिसमें साधक और गुरु दोनों सार्वभौम आत्मा में लय हो जाते हैं।

भगवान् जी अपने भक्तों का अपने उपदेशों को ग्रहण करने की उनकी क्षमता के अनुरूप मार्ग-दर्शन करते थे और यह प्रेरणा द्वारा किया करते थे। मुख के शब्द द्वारा कदाचित् ही ऐसा करते थे। जो भक्त वैश्विक उद्वेगों (स्पन्दनों) के अनुरूप संगीतात्मक उद्योग निस्सारित करने की उनकी अपनी पद्धति का अनुसरण

नहीं कर पाते थे, वे भगवान् जी द्वारा असफल माने जाकर त्यक्त नहीं किये जाते थे अपितु वे देवताओं के साकार स्वरूपों की उपासना करने में उनकी सहायता करते थे और वे भी धीरे-धीरे प्रगति करते थे ।

भगवान् जी ने एक बार एक भक्त को बताया था कि 'ईश्वर साक्षात्कार के लिए वांछित योग्यता है मेहनत—'पनुन्यन बेय गुरुकृपा' अर्थात् व्यक्ति का अपना निजी प्रयास और गुरु की कृपा ।

महानिर्वाण-प्राप्ति की एक रात्रि पूर्व भगवान् जी ने एक भक्त की उपस्थिति में अपनी स्मृति से पंच-स्तवी के पाँच अध्यायों में से चार का उच्चारण किया । ५ वें अध्याय के निम्न श्लोकों का पाठ करने के बाद भगवान् जी अचानक चुप हो गए—

अजानन्तो यान्ति क्षयमवश्यमन्योन्य-कलहै—
रमी माया-ग्रन्थौ तव परिलुठन्तः समयिनः ।
जगन्मातर्जन्म-ज्वर भय-तमः कौमुदि ! वयं
नमस्ते कुर्वाणः शरणमुपयामो भगवतीम् ।।

कदाचित् उन्होंने ऐसा उस भक्त के हित में किया, जो देवी का उपासक था और इससे आगे नहीं जा सकता था । यद्यपि भगवान् जी ने उसे संवेग-निस्सारण की अपनी पद्धति में ले जाने का प्रयत्न किया था, जिसमें वह सफल नहीं हुआ या ऐसा हो सकता है कि वे देवी की महिमा के आस्तिक दर्शन के स्तर में भक्त को यह अनुभव कराने के लिए चले गये हों कि देवी ब्रह्म से भिन्न नहीं है अथवा यह सब उनके मन की मौज रही हो ।

जहां तक मैं देख सका और भगवान् जी के साथ दो दशकों से अधिक समय के अपने व्यक्तिगत सम्पर्क से समझ सका, देवियाँ तेज की चेतन इकाइयाँ हैं, जो इस धरातल पर आईं और (पृथ्वी के) विभिन्न स्थानों पर एक हजार या सम्भव है दो हजार वर्षों तक रहीं और फिर उस उद्गम को लौट गईं, जहाँ से वे निकली थीं ।

इस प्रकार हम यह स्पष्ट कर सकते हैं कि शारदा भगवती, जिनका मंदिर कृष्ण गंगा घाटी में स्थित है, पाकिस्तानी आक्रामकों के हाथों में क्यों चली गईं क्योंकि कदाचित् वे वहाँ थीं ही नहीं । कहा जाता है कि लगभग १०० वर्ष पूर्व क्षीरभवानी देव-स्थान की श्री राज्ञी भगवती अपने स्थान को छोड़कर निकटस्थ सरोवर में चली गई थीं, किन्तु भक्तों की प्रार्थना पर स्थान के अपने मूल प्रपात में लौट आईं । कश्मीर की घाटी में देवी के अनेक पवित्र स्थान हैं, किन्तु कुछ

की अब पूजा नहीं होती। देवियों के रूप में इन चेतन-शक्ति-भण्डारों की महिमा भी विभिन्न रूप की प्रतीत होती है। जबकि कुछ में वनस्पति मूल की कुछ वस्तुएँ चढ़ाई जाती हैं, तो अन्य में आमिष चढ़ाया जाता है।

एक भक्त भगवान् जी के समक्ष बैठा हुआ था और अपने मन में इस ऊहा-पोह में पड़ा हुआ था कि क्या सच तब भी बोलना चाहिए, जब वैसा करने से कोई संकट में पड़ सकता है। भगवान् जी ने उसे उत्तर दिया—'सत्यं शिवं सुन्दरं।'

भगवान् जी प्रतिदिन अपना यज्ञोपवीत धोते थे और तिलक लगाते थे तथा अन्य कर्म करते थे, किन्तु सामान्य रूप से धर्म के आधार पर वे भेद-भाव नहीं रखते थे। श्री शिबनलाल तुर्की ने एक बार भगवान् जी को बताया कि 'मेरा काम ऐसा है कि मुझे जब-तब विधर्मियों के साथ भोजन करना पड़ता है।' भगवान् जी ने उत्तर दिया कि 'क्या हिन्दू एक व्यक्ति है, और मुसलमान दूसरा ?'

नील बव एक सन्त थे, जो जैन्दार मोहल्ला, श्रीनगर में रहते थे। वे गाली-युक्त भाषा का प्रयोग करते थे, किन्तु थे दूर-द्रष्टा सिद्ध पुरुष। १९५७-६८ की अवधि में वे भगवान् जी के दर्शनार्थ कभी-कभी आया करते और भगवान् जी के कमरे की एक विशेष खिड़की पर बैठा करते। एक दिन एक महिला एक पकाने के पात्र में पका हुआ भोजन लेकर आई और उसे भगवान् जी के सामने रख दिया। सामान्यतः भगवान् जी बड़ा आचार-विचार दिखाते थे और अपना भोजन ऊनी कपड़े पर रखी एक थाली में लिया करते थे, किन्तु इस अवसर पर अपने सामान्य अभ्यास के विपरीत उन्होंने भोजन को जमीन पर रखा, उसमें से कुछ भोजन निकाला और नील बव को दिया। नील बव ने उसे यह कहकर लेने से अस्वीकार कर दिया कि 'जमीन पर रखे जाने से यह अपवित्र है।' भगवान् जी ने स्वयं ही सारा भोजन समाप्त किया। नील बव अब भी जाति के जाल में पड़े एक कट्टर ब्राह्मण सन्त थे और भगवान् जी चाहते थे कि वे जाति और सम्प्रदाय के बन्धनों से ऊपर उठें। इस घटना के बाद जब कभी वे उनके स्थान पर आये, उन्होंने उनके प्रति उदासीनता ही दिखाई।

भगवान् जी ईश्वर-साक्षात्कार की प्राप्ति हेतु कभी किसी को अपना घर-बार, पत्नी या बच्चों का त्याग करने की सलाह नहीं देते थे। वे कहते थे कि एक संसारी व्यक्ति भी वैराग्यवान् हो सकता है किन्तु उच्चतर अनुभूति के लिए वे उन लोगों को स्वीकार न करने में बड़े कठोर थे, जो यौन-भोग का त्याग नहीं करते थे। इसका कारण जानना कठिन नहीं है क्योंकि एक व्यक्ति की बुद्धि में ब्रह्म-ज्ञान

के दो केन्द्र अवस्थित बताये गये हैं, एक चिदाकाश के निकट और दूसरा उसके पूरे पृष्ठ-भाग में। ब्रह्मचारी संयम के द्वारा इन दोनों को सुरक्षित रखता है और केवल तभी वह ब्रह्म-साक्षात्कार कर पाता है। वे प्रसन्न होते थे, जब कोई ब्रह्मचारी आध्यात्मिक प्रगति के लिए उनके पास आता था।

भगवान् जी आध्यात्मिक दृष्टि से उन्नत लोगों का बड़ा सम्मान करते थे। मास्टर शंकर पण्डित, जो बिस्को हाई स्कूल, श्रीनगर के प्रधानाध्यापक थे, वेदान्त के विद्वान्, ज्ञानी और एक सन्त थे तथा अपने जीवन भर उन्होंने सन्तों का सत्संग किया और वे प्रायः भगवान् जी के प्रति श्रद्धा प्रकट करने आया करते थे। एक बार जब मास्टर जी आये, मैं भगवान् जी के सामने बैठा हुआ था। भगवान् जी उन्हें देखकर प्रसन्न हुए और चाय से उनका सत्कार किया। मुझे आश्चर्य हो रहा था और उदास भी हो गया था कि इनका इतना भव्य सत्कार क्यों किया गया। लगभग एक घण्टे बाद मास्टर जी ने विदा ली। मेरे विचारों को अनुभव कर भगवान् जी ने स्वतः कहा कि 'तुम इतने खिन्न क्यों हो? वे (मास्टर) एक सूर्य हैं।'

वृद्धावस्था से असमर्थ होने के कारण मास्टर जी बाद के वर्षों में भगवान् जी के पास नहीं आ सके, किन्तु भगवान् जी अपने जन्म-दिन पर प्रति वर्ष उन्हें भोजन भेजते रहे, उस वर्ष को छोड़कर, जिसमें मास्टर जी की मृत्यु हुई। मास्टर जी ने कहा था कि 'भगवान् जी ने मुझे प्रसाद नहीं भेजा, अतः इस वर्ष मेरी मृत्यु होगी' और इसके कुछ मास बाद भगवान् जी की कृपा से भगवद्गीता के ११ वें अध्याय का पाठ करते हुये उनकी मृत्यु हो गई। ये मास्टर जी ही थे, जिन्होंने कहा था कि १९४७ के आगे कश्मीर को यदि कोई बचा सकता है, तो केवल यही रहस्यमय महात्मा।' दुर्जय इच्छा-शक्ति और वीरोचित प्रयास के साथ, लगभग २१ वर्षों तक शारीरिक कष्टों की उपेक्षा करते हुए उन्होंने कश्मीर की उन विपत्तियों से व्यापक रूप से रक्षा की, जिनमें समस्त भारत निमग्न हो गया था।

भगवान् जी ज्ञानमार्गी-शाखा के अद्वैतियों के उस वर्ग में से नहीं थे, जो अपने को कर्म-हीन आत्मा मानते हैं और पुण्यवानों की सहायता तथा पाप का नाश करने के कार्य में हाथ नहीं बँटाते, अपितु महान् व्यक्तिगत त्याग कर उन्होंने वास्तव में वातावरण का निर्माण करने के कार्य में भाग लिया। यह लल्लेश्वरी के उदाहरण से, जो १४वीं शती के कश्मीर के महत्तम रहस्यपूर्ण सन्तों में से एक थीं, स्पष्ट होगा। वे अपने 'वाक्' छोड़ गई हैं, जिनमें उच्चतम शैविक दर्शन निहित है और जो लगभग ५०० वर्षों के बाद, जब वे पहले पहल कहे गये थे, आज

भी वाह-वाह के साथ गाई जा रही हैं। जब शाह हमदान घाटी में आये और वे उनसे मिलीं, तब कश्मीर के बदलते हुये चित्र के सम्बन्ध में उन्होंने हस्तक्षेप नहीं किया—कदाचित कर नहीं सकीं। ऐसा कहा जाता है कि विश्व में यदि कोई ज्ञानी होता है, तो उसके प्रभाव से न केवल उसके शिष्य अपितु सारा संसार ही लाभान्वित होता है।

जब भगवान् जी के छोटे भाई पण्डित जियालाल काक की मृत्यु हुई, उनकी बहिन दुःख में डूबी हुई उसकी सूचना उन्हें देने आईं। उन्होंने उन्हें बताया कि 'अब उसे इस संसार में क्या करना था। वह राज-योगी होने के लिये गया है और उसके लिये दुःख करना निरर्थक है।'

अपने शरीर के विभिन्न अंगों से जब वे संवेग निस्सारित करते थे या जब वे धूम्र-पान करते थे, तब वे कुछ पाठ करते थे या नहीं अथवा क्या पाठ करते थे, इसे वस्तुतः हम समझ नहीं सके। मन्त्रोच्चारण से उत्पन्न स्पन्दन उन मूल स्पन्दनों से सम्बन्धित माने जाते हैं, जो हिरण्यगर्भ से उत्पन्न हुए हैं। ऐसा विश्वास किया जाता है कि जप से उत्पन्न लयपूर्ण स्पन्दन ५ आवरणों के अस्थिर स्पन्दनों को नियमित करते हैं।

एक दिन भगवान् जी अपनी आँतों की लय-पूर्ण गति द्वारा संवेग निस्सारित करते हुए लेटे थे। मैं भी उनका अनुकरण करने लगा। भगवान् जी ने कहा कि 'तुम क्या कर रहे हो ? यह संवेग, यदि ठीक से न किया गया, तो विश्व को उलट देगा।' एक दिन उन्होंने मुझे बताया कि 'मेरे द्वारा निस्सारित संवेग उनके कमरे की छत तक या अधिक-से-अधिक अगली उच्चतर मंजिल की छत तक पहुँच सकते हैं, किन्तु वहाँ वे नष्ट हो जाते हैं।' एक अन्य अवसर पर उन्होंने मुझे बताया कि 'तुम्हारे द्वारा निस्सारित संवेग मृत-जात हैं।'

इन संवेगों के स्वरूप पर मैं कोई प्रकाश नहीं डाल सकता क्योंकि यह एक अव्यक्त विषय है, किन्तु भगवान् जी को इस पर पूर्ण अधिकार प्राप्त था। इन संवेगों के स्वरूप का एक सूत्र मुझे तब मिला, जब उन्होंने मुझे बताया कि 'तुम स्नायु-केन्द्रों के संवेग फेंक रहे हो, जो देव-लोक की क्रिया है, मनुष्य-लोक की नहीं।' उन्होंने आगे कहा कि 'तुम इन संवेगों के बाहर नहीं निकल सकते।' अर्थात ये संवेग स्व-चालित हो जायँगे और मैं उन्हें रोकने में समर्थ नहीं होऊँगा। अपने बचपन में मैंने एक सन्त नील काक (श्री गोपीचन्द जित्शी, शीहली टेंग, श्रीनगर के मकान में रहने वाले) को देखा है, जो इस अभ्यास को अपने जीवन के अन्त तक करते रहे क्योंकि कदाचित् वे इन संवेगों को नियन्त्रित नहीं कर सके। संवेग-निस्सारण का यह अभ्यास सूफी सन्तों में बहु प्रचलित

है और इसे 'जिकरे हक' कहा जाता है। सूफी-मत मूलतः भारतीय विचारों से उद्भूत था, किन्तु यह पश्चिम एशिया को गया और वहाँ से भारत को वापस आया। 'नई बोतलों में पुरानी शराब।' मेरा यह विश्वास है कि आत्म-साक्षात्कार के लिए भगवान् जी इसे बहुत श्रेष्ठ और सीधा उपाय मानते थे, यद्यपि इसमें बहुत पीड़ा-दायक प्रयास करना पड़ता है और विविध कष्ट सहन करने होते हैं।

एक बार उन्होंने कहा कि 'एक योगी ईश्वर का साक्षात्कार पा सकता है, किन्तु एक विचारवान् ब्रह्म के सभी स्वरूपों (पादों) का ज्ञान प्राप्त कर सकता है। विचार (अन्तर्निरीक्षण) द्वारा व्यक्ति की बुद्धि-शक्ति बढ़ती है और वह सूक्ष्म विचार-तरंगों को पकड़ने में समर्थ बनता है तथा नए से नए विचार उत्पन्न होते हैं जो चिदाकाश में रहते हैं (क्योंकि विचारों का नाश नहीं होता)। एक व्यक्ति के सभी विचार सर्व-व्यापिका त्रिकाल-दर्शिनी शक्ति में, जो सारी सृष्टि में व्याप्त है, प्रवेश करते हैं और वहाँ बने रहते हैं। समान विचार मिश्रित हो जाते हैं और अच्छे या बुरे के लिए एक भयंकर सक्रिय शक्ति उत्पन्न करते हैं। कदाचित् यह उनके शारीरिक अंगों के लय-पूर्ण संवेगों या धूम्र-पान की लयात्मकता के कारणों में से एक था, मानो वे सर्व-व्यापी जीवन तरंगों में अपने संवेग फेंका करते थे और उन संवेगों से स्वयं प्रभावित होते थे। इस प्रकार, जहाँ तक मैं समझ सका हूँ, यह स्पष्ट है कि उनके कर्मों में भावात्मक प्रार्थना को कोई स्थान प्राप्त नहीं था। वे कर्म में विश्वास करने वाले एक महापुरुष थे।

इस अध्याय को समाप्त करने के पूर्व एक घटना का स्मरण करना प्रसंगानुकूल होगा, जैसा कि श्री सोमनाथ काक द्वारा वर्णन किया गया है और जिसमें शाला कदल, श्रीनगर के श्री जानकीनाथ भान ने इस जटिल प्रश्न को कि 'क्या सन्तों को आध्यात्मिक और भौतिक स्तरों में लोगों की सहायता करनी चाहिए ? क्या ऐसी सहायता से सन्तों द्वारा महान त्याग और तपस्या से संचित आध्यात्मिक कोष समाप्त नहीं हो जायगा ?' भगवान् जी के सम्मुख रखा था। भगवान् जी ने अपनी मोहक शैली में उत्तर दिया था कि 'एक मनुष्य या पशु अपने मांसल और विशाल शरीर के साथ एक नदी के पार तैर कर जा सकता है। क्या चींटी के समान एक छोटा कीड़ा सहायता के बिना ऐसा कर सकता है ? उसकी सहायता करनी ही होगी।' इसका यह तात्पर्य निकला कि संसार को पार करने के लिए एक सन्त का यह कर्तव्य है कि वह भौतिक और आध्यात्मिक दोनों क्षेत्रों में सबकी सहायता करे।

माहात्म्य-निदर्शन

कैवल्य धाम की महाशक्ति !
हे कौल साधना उच्च शिखर !
हे तन्त्र शक्ति महिमा मंडित !
है तुम्हें अचर चर सब गोचर ।।

धरती पर नन्दन वन के तुम !
सम्राट बने अभिराम नाम !
हे त्याग-तपस्या-मौन शक्ति !
तुमको जन जन का है प्रणाम ।।

जन कोलाहल से बहुत दूर,
कुण्डलनी में करके निवास।
तुम ताप त्रिताप हरा करते,
हे शैव शक्ति के मुक्त हास ।।

तुम 'गोपी' के हो 'नाथ' प्रवर,
सब ऋद्धि-सिद्धि के तुम दाता।
हे अमर शान्ति प्रेरणा शक्ति,
तुमसे जन जीवन सुख पाता ।।

हे राष्ट्र शक्ति के संरक्षक !
हे सार्व-भौम सत्ता प्रहरी !
हे अन्ध बन्ध के विध्वंसक !
तुम जन मानस आस्था गहरी !

आशीष तुम्हारा पारस सा,
करता लोहे को है सोना।
शरणागत सब कुछ पाता है,
उसको न पड़ा है कुछ खोना ।।

यश का कर्पूर सुवासित हो,
आप्लावित करता दिग् दिगन्त।
तुम व्योम क्षितिज से हो असीम,
जिसका न कहीं है आदि अन्त ।।

डॉ० मुकुन्ददेव शर्मा

भगवान् गोपीनाथ जी के प्रति

भाव पुष्पाञ्जलि

(डॉ० कौशल्या वल्ली, जम्मू यूनीवर्सिटी)



हे शिव भट्टारक !
महाज्ञानी !
अतुल शक्ति के
परम धाम।
तुम्हें मेरा सतत
प्रणाम।
हे करुणा-मूर्ति
अखण्ड प्रेम के
परम धाम।
दीन दुःखी के दुःख
हरता अविराम !
जितेन्द्रिय उपवास स्वरूप
अन्तर्यामी तुम
आगन्तुक—मानस निहित प्रश्न
स्वतः अचानक कहते तुम।
सुनने वाला चकित हो जाता।
मन ही मन नत मस्तक होता।
हे परम शिव
पराशक्ति के
समन्वित रूप !

देह तो तुम छोड़े हो
सूक्ष्म रूप में
विचरते हो।
अखण्ड विश्वासी
तुम्हारा अवलम्ब
पाते हैं।
विश्वासहीन निरालम्ब
हो जाते हैं।
धरती आज पुनः
क्रन्दन करती है
देह में आने को पुनः
आमन्त्रित करती है।
कश्मीर की पावन धरती पर
फिर से अवतरित हो जाओ।
पथ विचलित मानव का
फिर से पतित पावन कहलाओ।
उपर्युक्त भावोद्गार यह
चरणों में तेरे समर्पित है।
मेरे सातत्य प्रणाम यह
चरणों में तेरे अर्पित है!

जम्मू दिसम्बर, १९७७

योगेश्वर भगवान् श्री गोपीनाथ जी

□श्री त्रिभुवननाथ शास्त्री गणपतियार श्रीनगर (कश्मीर)

सिद्ध पुरुष भगवान् श्री गोपीनाथ जी एक योगी थे, जिन्होंने योगाभ्यास से ईश्वर का साक्षात्कार करके अष्टसिद्धियों तथा नवनिधियों को प्राप्त कर लिया था। योग पथ से चलते हुये भगवान् श्री गोपीनाथ जी ने सर्व प्रथम योग के प्रधान अंगयम का पालन करते हुये कर्म, मन, तथा वाणी द्वारा सब प्राणियों के प्रति सहानुभूति प्रकट की। रंग तथा जाति का भेद-भाव त्याग कर कई रोगियों के असाध्य रोग दूर करके जीवन प्रदान किया। सदा सत्य सनातनधर्म का पालन करके अपने भक्तों के हृदयों में उस सत्य सनातन धर्म का बीज बो दिया। कर्म, मन तथा वाणी द्वारा दूसरों के धन को पाने की इच्छा करना चोरी है। केवल मात्र वही व्यक्ति चोर नहीं है, जो चोरी करते हुये रंगे हाथों पकड़ा जाये। वह व्यक्ति भी चोर है जिसके मन में दूसरों के धन को पाने की इच्छा उत्पन्न हो। भगवान् जी ने सदा मन, कर्म तथा वाणी द्वारा धन को प्राप्त करने की इच्छा को त्याग दिया था। अतः वे संन्यासी थे। संन्यासी पुरुष ईश्वर को अत्यन्त प्रिय होते हैं। भगवान् कृष्ण ने गीता जी में कहा है—

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत् त्रयं त्यजेत्॥

—अ० १६ श्लोक २१

हे अर्जुन काम, क्रोध तथा लोभ ये तीन प्रकार के नरक के द्वार हैं, इनसे आत्मा का नाश होता है, अतः इन्हें त्याग देना चाहिये। प्रायः देखा जाता है कि काम, क्रोध तथा लोभ के कारण ही एक मनुष्य दूसरे मनुष्य के खून का प्यासा बनता है। एक राष्ट्र अपने राष्ट्र के विस्तार हेतु दूसरे राष्ट्र के लोगों की नींदों को हराम करता है। राष्ट्रों में युद्ध छिड़ जाते हैं। जिस कारण खून की नदियाँ बहती हैं। नर-संहार होता है। मैं धनवान बनूं। मैं भूमिपति बनूं।

इत्यादि इच्छाओं के पीछे श्रीमद्भगवद्गीता जी में कहे गये यही काम, क्रोध तथा लोभ हैं। काम, क्रोध तथा लोभ को त्यागना साधारण कार्य नहीं, बड़े-बड़े तथाकथित महात्मा स्वयं काम, क्रोध तथा लोभ के शिकार बने हैं। वे महात्मा कुटियों में रहना पसन्द नहीं करते, उन्हें महलों में रहने की आदत है। भगवान् जी ने उक्त काम, क्रोध तथा लोभ को सर्वथा त्याग कर परम गति प्राप्त कर ली थी।

मात्रा स्पर्शास्तु कौन्तेय शीतोष्ण सुख दुःखदाः।
आगमापायिनोऽनित्यास्तास्तिति क्षस्व भारत ॥

गीता अ० २/१४

हे अर्जुन सर्दी, गर्मी तथा सुख-दुःख को देने वाले इन्द्रिय तथा विषयों के संयोग तो क्षणभंगुर हैं, अतः तू इन्हें सहन कर।

इन्द्रियों तथा विषयों के सुख को क्षणभंगुर मानकर भगवान् जी ने अपने जीवन में कितना कष्ट सहन किया। यह तो उनके निकट बैठने वाले भक्तों को ज्ञात है। कड़ी गर्मियों के दिनों, दहकती हुई अग्नि के सामने भगवान् जी का सारा चोला (फिरन) पसीनों से तर हो जाता था। देखने वाले भक्त इस दृश्य को देखकर काँप उठते थे। लेकिन भगवान् जी के शरीर में कोई विकार नहीं होता था। यह थी भगवान् जी की कष्ट-सहिष्णुता। इसी प्रकार सर्दियों के दिनों में भी सर्दी को सहन कर लेते थे। भगवान् जी के कई सम्पन्न शिष्य भारत के कई प्रान्तों में रहते हैं। यदि वे चाहते तो भारत के किसी प्रान्त में जाकर शीतकाल के भय को दूर कर सकते थे। लेकिन उन्होंने कभी भी अपनी पावन मातृभूमि कश्मीर को अपनी आँखों से ओझल नहीं होने दिया। आजकल के तथाकथित महात्मा जाड़े में सर्दियों से बचने के लिये कश्मीर से पलायन करके अपने भक्तों को यहीं छोड़ देते हैं।

योगी को योग मार्ग पर चलते-चलते स्त्री की संगति बहुत बाधा डालती है। इस तथ्य को पूर्णरूपेण समझते हुये भगवान् जी ने आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया था। "नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः" निर्बल व्यक्ति आत्मा का साक्षात्कार नहीं कर सकता है। योगी पुरुष का शरीर स्वस्थ, सुदृढ़ तथा काम-वासनाओं से सर्वथा दूर रहना चाहिये। तभी वह ईश्वर का साक्षात्कार करने में समर्थ होता है। भगवान् जी ने उक्त गुणों के कारण ही ईश्वर का साक्षात्कार कर लिया था। ब्रह्मचारी भगवान् जी ईश्वर की प्रतीक्षा तथा उनके साक्षात्कार करने में सजग थे, समर्थ थे, सबल थे।

ईश्वर प्राप्ति के इच्छुक साधक को विषयों को त्यागकर सन्तोष का पर्याप्त सहारा लेकर ही योग-पथ के गमन में सहायता मिलती है। इस विषय में भगवान् कृष्ण ने गीता जी में कहा है।

ध्यायतो विषयान्पुंसः संगस्तेषूपजायते।
संगात्संजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते।।
क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृति विभ्रमः।
स्मृति भ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात् प्रणश्यति।।
राग द्वेष वियुक्तैस्तु विषयानिन्द्र यैश्चरन्।
आत्मवश्यैर्विधेयात्मा प्रसादमधिगच्छति।।

हे अर्जुन विषयों को चिन्तन करने वाले पुरुष की उन विषयों में आसक्ति हो जाती है। आसक्ति से कामना उत्पन्न हो जाती है, और कामना में बाधा पड़ने से क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध से मूर्खता, मूर्खता से स्मरण शक्ति का अभाव, स्मरण शक्ति के अभाव के कारण बुद्धि का नाश तथा बुद्धि के नाश होने से मनुष्य पतित हो जाता है। लेकिन अपने वश में किये हुये अन्तःकरण वाला पुरुष राग द्वेष से रहित स्वाधीन की गई इन्द्रियों द्वारा विषयों को भोगता हुआ मन की प्रसन्नता को प्राप्त कर लेता है। अपने अन्तःकरण को स्वाधीन करके राग द्वेष से रहित वशीभूत इन्द्रियों द्वारा विषयों को भोगकर भगवान् जी सदा प्रसन्न चित्त रहा करते थे। जिस प्रकार से अनेक देवताओं की रुचि के अनुरूप यज्ञाग्नि में विविध वस्तुएँ डाली जातीं हैं। उसी प्रकार से भगवान् जी भी अपने श्रीमुख से अनेक वस्तुओं का सेवन करके सात्विक, राजस तथा तामस गुणों वाले प्राणियों की तृप्ति करते थे। भगवान् जी पवनाहारियों की तृप्ति के लिये पवन का सेवन, वैष्णवों की तृप्ति के लिये वैष्णव भोजन, मांस की कामना रखने वालों की तृप्ति के लिये मांस का भक्षण, मदिरा पीने की इच्छा रखने वालों की तृप्ति के हेतु मदिरापान भी किया करते थे। अग्नि में आहुति डालते हुये वे निकट बैठने वालों से कभी कभी कहा करते थे। दूर हटो देवता लोग आहुति का भक्षण कर रहे हैं। भगवान् जी अपने ज्ञान नेत्रों द्वारा देवताओं को देखते थे, तथा उन्हें अपने हाथों से उनकी इच्छानुसार भक्ष्य, भोज्य, लेह्य तथा चोष्य पदार्थों को खिलाते तथा पिलाते थे। स्वयं तो भगवान् जी अपने मन को सन्तुष्ट रखने के लिये सन्तोषामृत का पान ही करते थे।

युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु।
युक्त स्वप्नाव बोधस्य योगो भगति दुःखहा।।

गीता अ० ६ श्लोक १७

दुःख का नाशक योग यथा योग्य आहार-विहार करने वालों का कर्मों में यथा योग्य चेष्टा करने वालों का तथा यथायोग्य शयन करने तथा जागने वालों का ही सिद्ध होता है। भगवान् जी प्रायः उपवास ही किया करते थे। उनका उपवास, व्रत जैसा नहीं होता था। वे कई दिनों या महीनों तक आहार को छोड़ ही देते थे। लगता है कि भगवान् जी क्षुधा को जीतने के लिए ऐसा अभ्यास करते होंगे।

अज्ञान के कारण उत्पन्न होने वाला पाँच प्रकार का भ्रम अन्नपूर्णोपनिषद् में वर्णित है।

जीवेश्वरौ भिन्नरूपाविति प्राथमिकोभ्रमः,
आत्मनिष्ठं कर्तृगुणं वास्तवं वा द्वितीयकः,
शरीर त्रय संयुक्त जोवः सगी तृतीयकः,
जगत् कारण रूपस्य विकारित्वं चतुर्थकः,
कारणाद्भिन्नजगतः सत्यत्वं पंचमोभ्रमः।

जीव तथा ईश्वर को अलग-अलग समझना यह पहला भ्रम है। यह माया मल कहलाता है। आत्मा में काम करने का गुण क्या वास्तविक है? या नहीं। दूसरा भ्रम है। यह कर्ता मल है। सूक्ष्म, स्थूल तथा कारण इन तीनों के संयोग से जीवात्मा संगी हुआ है। यह तीसरा भ्रम है। यह आणव मल कहलाता है। जगत के कारण शिवतत्व में विकार की प्रतीति होना चौथा भ्रम है। कारण तथा कार्य में भेद की प्रतीति होना पाँचवाँ भ्रम है। ज्ञान मार्ग में जीव तथा ब्रह्म में परस्पर भेद नहीं पाया जाता है। जीव और भ्रम में भेद की दृष्टि रखना द्वैत कहलाता है। अजपा गायत्री को जपने वाले सोऽहं की रट लगाने वाले अद्वैत शिव का चिन्तन करने वाले भगवान श्री गोपीनाथ जी जीव तथा ब्रह्म में भेद नहीं पाते थे। वे प्रत्येक तत्व में प्रभु की सत्ता मानते थे। भगवान् कृष्ण ने गीता जी में कहा है।

प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः।
अहंकार विमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते।

अ० ३/२७

सभी कर्म प्रकृति के गुणों (सत्व, रज तथा तम्) द्वारा किये जाते हैं। अहंकार से मोहित पुरुष कहता है कि मैं कर्ता हूँ। ईश्वर को प्रेरणा शक्ति द्वारा मनुष्य सब कुछ करता है। मनुष्य की अपनी कोई स्वतन्त्र सत्ता नहीं, सब ईश्वर की दी हुई शक्ति है। जिस शक्ति के सहारे वह सब कुछ करने के लिए समर्थ हो जाता है। अज्ञानी पुरुष भ्रमवश समझ लेता है कि मैं कर्ता हूँ। मैं भोक्ता हूँ।

भगवान जी ने बाल्यावस्था में ही इस भ्रम को मिटा दिया था। उन्होंने प्रभु के चरणों में आत्म समर्पण किया था।

भगवान जी स्थूल सूक्ष्म तथा कारण में भेद-भाव नहीं पाते थे। उनकी दृष्टि में जो सूक्ष्म है, वही स्थूल है तथा वही कारण है। उन्होंने अपने दिव्य नेत्रों द्वारा विराट स्वरूप के दर्शन किये थे। अतः वे तत्वों में भेद नहीं पाते थे। इसी कारण वे विराट स्वरूप के भक्षणार्थ अपनी दैनिक यज्ञाग्नि में विविध प्रकार की वस्तुएँ डाल देते थे। यज्ञाग्नि में स्वादिष्ट वस्तुएँ ही आहुति के रूप में डाली जाती हैं, परन्तु शंकर को खिलाने के लिए आहुति में गुग्गुल आदि कड़वी चीजें ही डालते हैं। स्वयं तो गुग्गुल आदि कड़वी चीजें खा नहीं सकते हैं, लेकिन शिव को आहुति में कड़वी वस्तुएँ डाल देते हैं। भगवान् शंकर कष्टसहिष्णु देवता हैं। जिन्होंने समुद्र मन्थन के अवसर पर स्वयं विष पीकर लोक रक्षा की। अब विष के प्रतीक के रूप में शंकर को गुग्गुल ही खिलाते हैं। संभवतः भगवान् जी भी लोक कल्याण के लिए ही स्वयं अप्रिय पदार्थों का पान करते होंगे।

भगवान् जी नर को नारायण मानकर खिलाते-पिलाते थे। सभी व्यक्ति उनके आश्रम से नैवेद्य खाये बिना लौट नहीं सकते थे। वे साधुओं को खिला-पिला कर दक्षिणा भी देते थे। इस प्रकार से वे नर तथा नारायण में भेद न पाकर नर रूप नारायण की पूजा करते थें।

स्वयं ईश्वर स्वरूप ईश्वर के ध्यान में मग्न अजपाजप का स्मरण करने वाले भगवान् श्री गोपीनाथ जी अपने श्रीमुख से बहुत कम बोलते थे। वे अन्तर्मुखी प्रवृत्ति के सन्त थे। अपनी अन्तर्रात्मा में डूबे हुए अपने ही शरीर में सब कुछ देखते थे। स्वामी गोविन्द कोल ने अन्तर्मुखी अवस्था के रहस्य का स्पष्टीकरण करते हुए कहा है। (कश्मीरी में)

सुन्दरो बोज़ असरार, अति गुफतार व्येपिनो।
संतन कर नमस्कार, अति गुफतार व्येपिनो॥
सिरियि रोस्तुय चमत्कार, अति सितार व्येपिनो।
स्योद वुछ गोल अन्धकार, अति गुफतार व्येपिनो॥
अजपा ज़पई छुय सार, अति शुमार व्येपिनो।
हुशियारन छु ईशार, अति गुफतार व्येपिनो॥
सुन साकार निराकार, अति संसार व्येपिनो।
च्यशमवरोस्त छु दीदार, अति गुफतार व्येपिनो॥
छय वजान सतचीतार, अति स्येतार व्येपिनो।
बोजिकाँह सोजि़ दिलदार, अति गुफतार व्येपिनो॥

१९५७ में वाराणसी के एक आचार्य भगवान् जी की आध्यात्मिक प्रगति को जानने के लिये आश्रम में आये। भगवान् जी के चरणों में नत मस्तक होकर उन्होंने उनके भक्त श्री गोपीनाथ जी धर से भगवान् जी का नाम पूछा। नाम सुनने के पश्चात् आचार्य जी ने भगवान् जी का आध्यात्मिक परिचय पूछा। भक्त गोपीनाथ जी को प्रश्न के उत्तर देने में असमर्थ पाकर भगवान् जी हँस पड़े, तथा अपना परिचय देने के लिए आचार्य के प्रश्न के उत्तर में श्री गीता जी का निम्न श्लोक पढ़ा।

न तद्भासयते सूर्यो न शशांको न पावकः।
यद्गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम्॥ अ० १५ श० ६

उस स्वयं प्रकाश रूप परम पद को न सूर्य प्रकाशित कर सकता है, न चन्द्रमा, और न अग्नि ही प्रकाशित कर सकती है। जिस परम पद को पाकर मनुष्य पीछे संसार में नहीं आते हैं। वही मेरा परम धाम है। जहाँ भगवान् जी का अनन्य उपासक एवं उनका प्रधान शिष्य उनके चरित्र की व्याख्या करने में अपने आपको अयोग्य मानता है, वहाँ मेरी यह सीमित वाणी भगवान् श्री गोपीनाथ जी के पावन चरित्र को चित्रण करने में सर्वथा असमर्थ है। भगवान जी क्या थे? उनका पावन चरित्र कैसा था? इत्यादि शंकाओं का समाधान स्वयं उनके पास था। भगवान जी के इस संक्षिप्त परिचय में मैंने उनके पावन चरणों में श्रद्धा के पुष्प ही अर्पित किये हैं।

रहस्यं च प्रवक्ष्यामि ज्ञानं संकथ्येते शृणु।
केरलश्च काश्मीरो गौड़-मार्ग स्तृतीयकः॥
षट्-पञ्चाषद्देश-भेदात् सर्वत्र व्याप्य तिष्ठति।
अष्टादशेषु देशेषु गौड़-मार्गः प्रकीर्तितः॥
नेपाल-देशमारभ्य कलिंगान्तं महेश्वरि।
अर्यावर्तं समारभ्य समुद्रान्तं महेश्वरि॥
केरलाख्यः क्रमः प्रोक्तस्तूनविंशति-देशके।
तदन्य देशे देवेशि! काश्मीराख्यः क्रमः शुभः॥

अर्थात् हे देवि! रहस्य-पूर्ण ज्ञान कहूँगा, सुनो। शाक्त मार्ग तीन हैं—केरल, काश्मीर और तीसरा गौड़। यह ५६ देशों के भेद से व्याप्त है। १८ देशों में गौड़-मार्ग कहा गया है, जिसकी सीमा नेपाल से लेकर कलिंग तक है। आर्यावर्त से लेकर समुद्र के अन्त तक १९ देशों में केरल-क्रम कथित हुआ है। इनके अतिरिक्त देशों में शुभ काश्मीर-क्रम है।

□ **"शक्ति-संगम-तन्त्र" (काली खण्ड-चतुर्थ पटल)**

॥ ओ३म् नमो भगवते गोपीनाथाय ॥

सिद्ध पुरुष भगवान् श्री गोपीनाथजी

भारत का शीर्षस्थान यह काश्यप ऋषि का काश्मीर अनादि काल से ऋषियों, मुनियों, सन्तों तथा सिद्ध पुरुषों का निवास-स्थान रहा है। कश्यप ऋषि की सुरम्य भूमि की प्रकृति जितनी मनोरम तथा आकर्षणीय है, उससे अधिक यहाँ के ऋषियों, सन्तों तथा सिद्ध पुरुषों को वाणी तथा उनकी पवित्र देह सुन्दर, मनोरम, आकर्षणीय है। यहाँ का प्राकृतिक बाहुल्य, बौद्धिक विकास, उन्नत दार्शनिक विचार, यहाँ के लोगों की कायिक, वाचिक तथा मानसिक स्वच्छता संसार में प्रसिद्ध है। इन गुणों के कारण ही अब भी इस देश का नाम ऋषि वाटिका के नाम से पुकारा जाता है। यहाँ के असंख्य सिद्ध पुरुषों ने धर्म की पुनः स्थापना करने के लिये समय-समय पर अवतार लेकर इस वाटिका की शोभा बढ़ाई है। इस शताब्दी में भक्तजनों को सन्मार्ग दिखाने के लिये तथा धर्म की पुनः स्थापना करने के जिये भगवान् श्री गोपीनाथ जी ने अवतार लिया। श्री गोपीनाथ जी का पुण्य जन्म ३ जुलाई १८९८ ईस्वी को को हुआ था। भारत के पुनरुत्थान तथा उसकी सुरक्षा हेतु उनका विशेष योगदान रहा करता है। भगवान् जी का सारा कार्यक्रम गुप्त रहा करता था। भगवान् जी की जीवित अवस्था में तथा अब भी उनके दरबार से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटा है। बड़े-बड़े विद्वान, उपासक तथा भक्तजन आपका स्मरण करने से सिद्धि प्राप्त कर लेते हैं। आपकी दिव्यात्मा २८ मई १९६८ को महा-ज्योति में विलीन हो गई।

भगवान् जी अब भी भक्तों को सचेत करके उनके कष्टों को दूर करते रहते हैं। श्रीनगर में झेलम नदी के वैखरी विहार (खरयार) के तट पर भगवान् जी के पुण्य आश्रम में स्थित उनकी पावन मूर्ति व पवित्र वस्तुओं के दर्शन करके भक्त लोग सन्तुष्ट हो जाते हैं।

हमारा यह परम कर्तव्य है कि हम अपनी आध्यात्मिक उन्नति के लिये इस पवित्र स्थान की शोभा बढ़ाते रहें। प्रतिदिन सायंकाल को आश्रम में भक्त-जनों द्वारा सामूहिक आरती उतारी जाती है।

★ जै भगवान् ★

With Best Compliments

from



V. W. Kathalay & Son

Hoechst House, 3/1, Asafali Road

NEW DELHI.



Distributors of

DYES & CHEMICALS

Phone : 27 71 72

Gram : **INDENTORS.**

IN

SACRED

MEMORY

OF

BHAGAWANJI





WITH BEST COMPLIMENTS FROM :

Grams : PARSA *Phones* { Showroom 72613 (2 Lines)
Residence 73724


O. T. C.

First in Fashion Wear

Residency Road—Srinagar (Kashmir)

WE SELL AT MILL RATES

DIGJAM
O. C. M.
MODELLA
GWALIOR



Woollens & Terrywools

Ladies & Suits	**Sarees, Banarsi**	**Prints**

WITH BEST COMPLIMENTS FROM :


NAYA KASHMIR HOTEL

LAL-CHOWK

Srinagar—Kashmir

Phone : 74282





WITH BEST COMPLIMENTS FROM :

Phone : 229548
C/o : 220628

GRAM—BESTGIFT

AGRAWAL AGENCIES

Manufacturers of

Keyrings, Bal Pens, Penstands, Ashtrays,
Paper Weights, Plastic Calenders,
Bags, Files, Purses, Dairies,
Tin and Plastic Boards

5692, Chandrawal Street No. 3.

SUBZI MANDI

DELHI—110 007



WITH BEST COMPLIMENTS FROM :




Chhotelal Palawat


Katra Purohit

JAIPUR


















IN


REVERED

MEMORY

OF BHAGAWANJI




Thakers Agency



Srinager–Jammu

New Delhi



Our Gratitude to :

Mr. H. L. Shrimal *Joint President :* **GWALIOR RAYON**	: For his guidance in making this venture a success.
The Advertisers	: For having taken up space for Advertisement in our souvenir.
All the Donors	: For their handsome donations.
All the Authors	: For contributing enlightening articles for publication in our souvenir.
Om Printing Press, Agra	: For the excellent printing of the Souvenir.
All the Bhaktgan	: For their selfless service and inspiring hard work.

All our Members and those friends and well wishers who helped us in one way or other in making this venture a grand success.

Our humble salutations to all.


Way to

SUCCESS

Success usually begins with a dream.
A dream that turns into an exciting pursuit.
And climaxed by the thrill of
achievement.

Yet, how does one go about
achieving success? There is hard work ahead,
of course. Every step of the way.
Besides other things. Like confidence, talent,
patience and a dash of other qualities.

But above everything else: personality.
Personality shaped by your appearance.
By what you wear. And when you
choose Gwalior fabrics, half the battle is won.
Those who seek success are smart
enough to know this.



GWALIOR SUITING GR ®

MAPP-GR-7511

The Gwalior Rayon Silk Mfg. (Wvg.) Co. Ltd.

BIRLANAGAR (M. P.)